# 33 KV Transmission Line from Shree Bihar Solar Project to 133/33 KV GSS Banka (New)

## Site Inspection Report

**Date: 01-06-2022**

विपथन के लिए प्रस्तावित वन भूमि ग्राम-डुमरघाट, थाना-कटोरिया, थाना क्रमांक-95, प्लॉट संख्या-327पी में 0.84 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थित है। विपथित की जाने वाली प्रस्तावित वन भूमि की लंबाई और चौड़ाई क्रमशः 560 मी और 15 मी है। उपर्युक्त वन भूमि को बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-सी/एफ-7018/56-838R दिनांक 5 मार्च 1956 के अनुसार संरक्षित वन के रूप में अधिसूचित किया गया है। । वन अधिकारियों द्वारा पूर्व की जांच और उपयोगकर्ता एजेंसी द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, न तो कोई वन्यजीव अभयारण्य पास में है और न ही क्षेत्र में कोई पुरातात्विक महत्वपूर्ण स्थान है। रेंज कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में इस परियोजना से प्रभावित होने वाले पेड़ों की संख्या 20 निर्दिष्ट की गई है और उनके परिधि( Girth) विवरण और प्रजातियों का भी उल्लेख किया गया है। स्थल जाँच के दौरान, मैंने पलाश (62), जटरोफा (20), खौरा (1) और खजूर (10) की प्रजातियों के 1 फीट - 4 फीट की ऊंचाई वाले लगभग 93 पौधों को देखे। मेरे राय से खजूर के 10 पौधों को इस परियोजना से प्रभावित होने वाले पेड़ों कि संख्या में जोड़कर कुल 30 पेड़ों का क्षतिपुरक वनरोपण का प्रतिवेदन तैयार किया जाना चाहिए एवं शेष 83 पौधों का स्थानांतरण (translocation) उपयोगकर्ता एजेंसी द्वारा वन विभाग के अधिकारियों के समक्ष किया जाए।

उक्त प्रस्तावित वन भूमि का G.P.S निम्नलिखित है:

**Starting Point**
Latitude-24.84589496 Longitude- 86.74024413

**Turning Point**
Latitude 24.84458009 Longitude- 86.74024413

**Ending Point**
Latitude 24.84589496 Longitude- 86.73984846

वन प्रमंडल पदाधिकारी
बांका वन प्रमंडल, बांका

सहायक वन संरक्षक,
बांका वन प्रमंडल, बांका।

| पौधे की प्रजाति की सूची | | |
|---|---|---|
| क्रम संख्या | पौधों की प्रजाति नाम | प्रौधो की संख्या |
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | पलाश | 62 |
| 2 | जटरोफा | 20 |
| 3 | खैरा | 1 |
| 4 | खजूर | 10 |
| कुल– | | 93 |

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
बांका वन प्रमंडल, बांका।